रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 275] नई दिल्ली, बुधवार, अप्रैल 19, 2000/चैत्र 30, 1922
No. 275] NEW DELHI, WEDNESDAY, APRIL 19, 2000/CHAITRA 30, 1922

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 19 अप्रैल, 2000

का. आ. 394 (अ).—निम्नलिखित को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है :—

माननीय न्यायमूर्ति श्री आर० आर० के० त्रिवेदी की अध्यक्षता में
विधि विरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण
नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा (एन०एल०एफ०टी०)
के मामले में अधिकरण की रिपोर्ट
रिपोर्ट

भारत के राजपत्र (असाधारण) में दिनांक 3.10.1999 को नई दिल्ली में प्रकाशित गृह मंत्रालय की अधिसूचना के द्वारा केन्द्र सरकार ने विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (संख्या 37/67) (जिसे अबसे अधिनियम कहा जाएगा) की धारा 3 की उपधारा-I द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा (जिसे अबसे एन0एल0एफ0टी0 कहा जाएगा) को विधिविरूद्ध संगम घोषित किया था । उक्त अधिसूचना का मूल पाठ निम्न प्रकार है :-

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 3 अक्तूबर, 1999

का० आ० 1003 (अ).— यतः नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा (अब से इन्हें एन0एल0एफ0टी0 के रूप में जाना जाए) का स्पष्ट लक्ष्य अन्य सशस्त्र अलगाववादी संगठनों के सहयोग और सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से त्रिपुरा को भारत से अलग करके स्वतंत्र 'बोरोक्लैण्ड त्विपरा' की स्थापना करना तथा अलगाव के लिए त्रिपुरा के स्थानीय लोगों को भड़काना है, जिससे त्रिपुरा को भारत से अलग किया जा सके ।

और यतः केन्द्र सरकार का मत है कि एन0एल0एफ0टी0 :-

(i) अपने लक्ष्य के अनुसरण में विद्रोही तथा हिंसक गतिविधियों में लिप्त है एवं इस प्रकार उसने सरकार के प्राधिकार को क्षति पहुंचाई है तथा लोगों में डर व आतंक फैलाया है,

(ii) नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैण्ड (एन0एस0सी0एन0) (आई0एम0) के इसाक स्व गुट जैसे अन्य विधि विरूद्ध संगमों के साथ संपर्क बनाए हैं जिसका लक्ष्य उनका समर्थन हासिल करना है,

(iii) हाल के पिछले कुछ समय में अपने उद्देश्य एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कई हिंसक तथा विधि विरुद्ध गतिविधियों में लिप्त रही है जो कि भारत की प्रभुसत्ता तथा एकता के लिए हानिकर है ।

और यतः केन्द्रीय सरकार का यह भी मत है कि हिंसक एवं विधि विरूद्ध गतिविधियों में निम्नलिखित शामिल है:-

(क) नागरिकों तथा पुलिस एवं सुरक्षा बलों के कार्मिकों की हत्या,

(ख) त्रिपुरा में व्यवसायियों एवं व्यापारियों सहित जनता से जबरन धन ऐंठना,

(ग) असमाजिक एवं अवैध माध्यमों से भारी मात्रा में परिष्कृत शस्त्र व गोलाबारूद जुटाना तथा उन्हें गुप्त रूप से पड़ोसी देश के माध्यम से भारत में लाना,

(घ) सुरक्षित आश्रय, प्रशिक्षण, शस्त्र व गोलाबारूद आदि जुटाने के प्रयोजन के लिए पड़ोसी देश में शिविर स्थापित करना तथा उन्हें बनाए रखना,

(ङ) त्रिपुरा में जनजातीय एवं गैर जनजातीय समुदायों के बीच साम्प्रदायिक संघर्ष उत्पन्न करने एवं उनमें वृद्धि करने के लिए अन्य त्रिपुरा जनजातीय संगठनों के साथ संबंध स्थापित करना और उन्हें बनाए रखना ।

और यतः केन्द्र सरकार का मत है कि एन0एल0एफ0टी0 की उपरोक्त गतिविधियां भारत की प्रभुसत्ता एवं अखण्डता विरोधी हैं तथा यह एक विधि विरूद्ध संगम है,

अतः अब विधि विरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की धारा 3 की उपधारा (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार एतद्द्वारा नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा (एन0एल0एफ0टी0) को एक विधि विरूद्ध संगम घोषित करती है ।

और यतः केन्द्र सरकार का यह भी मत है कि यदि इस पर तत्काल नियंत्रण न किया गया तो एन0एल0एफ0टी0 को अवसर मिलेगा कि वह :-

(i) अपने कॉडर की अलगाववादी, विद्रोही, आतंकवादी/हिंसक गतिविधियां बढ़ाएगी,

(ii) भारत की प्रभुसत्ता एवं राष्ट्रीय अखण्डता के विरूद्ध शक्तियों के साथ सहयोग करके राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का प्रचार करेगी,

(iii) नागरिकों तथा पुलिस व सुरक्षा बलों के कार्मिकों की हत्याओं में वृद्धि में लिप्त हो जाएगी,

(iv) अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार से और अधिक गैर कानूनी हथियार एवं गोलाबारूद प्राप्त करने तथा जुटाने में लिप्त हो जाएगी,

(v) गतिविधियों के लिए जनता से बड़ी राशि इकट्ठा करने तथा जबरन धन ऐंठने में लिप्त हो जाएगी।

और यतः उपरोक्त परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में केन्द्र सरकार की पक्की राय है कि एन0एल0एफ0टी0 को तत्काल प्रभाव से एक विधि विरूद्ध संगम घोषित करना आवश्यक है, और तदनुसार उक्त खण्ड-3 की उपधारा-3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार एतद्द्वारा निदेश देती है कि उक्त अधिनियम की धारा-4 के अंतर्गत किए जाने वाले किसी भी अध्यादेश के अध्यधीन, यह अधिसूचना सरकारी राजपत्र में इसके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होगी ।

उक्त अधिसूचना के पश्चात, भारत सरकार ने यह न्याय निर्णय, करने के लिए कि क्या भारत सरकार, गृह मंत्रालय की दिनांक 3.10.1999 की अधिसूचना के द्वारा एन0एल0एफ0टी0 को विधि विरूद्ध संगम घोषित किए जाने का पर्याप्त कारण है अथवा नहीं, इस अधिकरण का गठन करते हुए अधिनियम की धारा-5 की उपधारा-1 के तहत दिनांक 28.10.99 को एक अधिसूचना जारी की । अधिनियम की धारा-5 (1) के तहत जारी की गई दिनांक 28.10.99 की उक्त अधिसूचना निम्न प्रकार है :-

गृह मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 28 अक्तूबर, 1999

का० आ० 1056 (अ).— विधि विरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (1967 का 37) की उपधारा 5 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार, एतद्द्वारा, इस बात का न्याय-निर्णय करने के प्रयोजनार्थ कि आल त्रिपुरा टाइगर फोर्स और नेशनल लिबरेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा को विधि विरूद्ध संगम घोषित करने के पर्याप्त कारण हैं या नहीं, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश, न्यायमूर्ति श्री आर0आर0के0 त्रिवेदी की अध्यक्षता में 'विधि विरूद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिकरण' का गठन करती है ।

[फा० सं० 9/14/99-एन०ई०-II]
जी० के० पिल्लै, संयुक्त सचिव

इस अधिकरण का गठन होने के साथ एन0एल0एफ0टी0 के उद्दश्यों एवं लक्ष्यों से संबंधित सार भी इस अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किया गया है जिससे त्रिपुरा राज्य में विद्रोह के संक्षिप्त इतिहास तथा इसकी उत्पत्ति के बारे में पता चलता है । यह भी बताया गया है कि पिछले 18 वर्ष से त्रिपुरा विद्रोह का सामना कर रहा है । यद्यपि लगभग 20 सशस्त्र जन्जातीय संगठनों की शिनाख्त की गई है, लेकिन उनमें से केवल 2

ए0टी0टी0एफ0 तथा एन0एल0एफ0टी0 अधिकांश हत्याओं के लिए जिम्मेदार है तथा इन्होंने ही अपने आर्थिक लाभ के लिए केवल हत्याओं, लूटपाट, जबरन धन वसूली, अपहरण जैसी मुख्य गतिविधियों को अपना लिया है । लगभग समस्त त्रिपुरा जनजातीय स्वायत जिला परिषद् (टी0टी0ए0डी0सी0) क्षेत्र, जहां घने जंगल हैं तथा जहां पर जनजातीय लोगों का आधिपत्य है, जनजातीय उग्रवादियों/शरारती तत्वों द्वारा की जाने वाली हिंसा से प्रभावित है । हिंसा का निशाना मुख्यतः गैर-जनजातीय लोगों को बनाया जाता है । टी0टी0ए0डी0सी0 से बाहर के क्षेत्र, जहां गैर-जनजातीय (बंगाली) लोगों का बाहुल्य है, बहुत कम प्रभावित है।

यद्यपि उक्त दो उग्रवादी संगठनों द्वारा की जाने वाली कुल हिंसा में 1993 से काफी तेजी आई थी । तथापि 1996 में इसमें कमी आई । इन दो आतंकवादी संगठनों द्वारा की जाने वाली हिंसा में 1997 के दौरान काफी वृद्धि हुई, हालांकि अन्य जनजातीय उग्रवादियों द्वारा की जाने वाली हिंसा की घटनाओं में कमी आई । यद्यपि, त्रिपुरा सरकार ने अधिकतर क्षेत्रों को अशान्त क्षेत्र घोषित कर दिया है । फिर भी ए0टी0टी0एफ0 तथा एन0एल0एफ0टी0 द्वारा की गई हिंसा का स्तर काफी ऊंचा रहा तथा यह चिंता का विषय बन गया । ए0टी0टी0एफ0 तथा एन0एल0एफ0टी0 दो मुख्य संगठित आतंकवादी संगठन हैं, जिनमें ए0टी0टी0एफ0 'जनजातीय भू-भाग' के लिए पृथक राज्य की मांग कर रहा है तथा एन0एल0एफ0टी0 अभी भी त्रिपुरा को स्वतंत्र करने का समर्थन कर रहा है । एन0एल0एफ0टी0, जिसका गठन 1989 में हुआ था, का नेतृत्व बिस्व मोहन देबरमा कर रहा है तथा इसके लगभग 200 दुर्दान्त सशस्त्र काडर हैं । इसके प्रभाव वाले क्षेत्रों में संपूर्ण धलाई जिला तथा पश्चिम त्रिपुरा जिले के कल्याणपुर; तकारजला पुलिस थाने के क्षेत्र; उत्तरी त्रिपुरा जिले के कंचनपुर तथा वाघमन, पुलिस थाने के क्षेत्र तथा दक्षिणत्रिपुरा जिले के बीरगंज, टायडू, नूतन बाजार, शांतिर बाजार तथा ओम्पी पुलिस थाने के क्षेत्र शामिल हैं । त्रिपुरा में 19 पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को फरवरी, 1997 में अशान्त क्षेत्र घोषित कर दिया गया था तथा तत्पश्चात् और कोई क्षेत्र एन0एल0एफ0टी0 की गतिविधियों से प्रभावित नहीं थे । बल्कि यह संगठन ऐसे क्षेत्रों में अपना शिकंजा कसने में सफल रहा जहां यह सक्रिय है तथा त्रिपुरा में मुख्य आतंकवादी संगठन के रूप में उभरा है ।

एन0एल0एफ0टी0 के बंगलादेश में प्रशिक्षण शिविर/छिपने के अड्डे हैं तथा यह हिंसा की प्रमुख वारदातों में शामिल होने के बाद शरण लेने के लिए बंगलादेश के भू-भाग का प्रयोग कर रहा है । इनमें से अधिकांश घटनाओं की योजना बंगलादेश में तैयार की जाती है तथा वहीं से कार्यान्वित की जाती है । इन्होंने बड़ी संख्या में परिष्कृत हथियार हासिल कर लिए हैं तथा यह पता चला है कि ये पूर्वोत्तर के अन्य विद्रोही संगठनों से संपर्क बनाए हुए हैं । हाल की रिपोर्टों से एन0एल0एफ0टी0 तथा नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैण्ड के बीच त्रिपुरा में उनकी कार्रवाईयों के बारे में सांठगांठ का पता चला है । इस जनजातीय संगठन ने पुलिस/सुरक्षा बलों तथा निर्दोष गैर जनजातीय लोगों पर हमला करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई है ताकि उन्हें त्रिपुरा छोड़ने के लिए मजबूर किया जा सके । इन आतंकवादियों द्वारा पीड़ित अधिकांश व्यक्ति गैर जनजातीय हैं तथा विशेष रूप से बंगाली हैं । इससे राज्य में जनजातीय एवं गैर जनजातीय लोगों के बीच काफी दरार पैदा हो गई है जिसके परिणामस्वरूप व्यर्थ की जातीय स्थिति पैदा हो गई है जिससे मामूली से भड़काने पर जातीय संघर्ष बढ़ जाते हैं ।

एन0एल0एफ0टी0 को 3.4.1997 की अधिसूचना द्वारा पहली बार अधिनियम के तहत विधि विरूद्ध संगम घोषित किया गया था । तथापि, इस संगठन ने अपनी विद्रोही गतिविधियां जारी रखी जिससे त्रिपुरा में सुरक्षा की गंभीर चिंता पैदा हो गई । एन0एल0एफ0टी0 ने अवैध कर वसूलियों, जबरन धन वसूली तथा फिरौती के लिए अपहरण के द्वारा बड़ी मात्रा में धन इकट्ठा करने के अपने प्रयासों को जारी रखा । शस्त्र जुटाने के कार्य को भी जारी रखा गया है । दिनांक 3.10.99 की नई अधिसूचना, जो कि इस अधिकरण के न्याय निर्णय की विषय वस्तु है, का औचित्य निम्न कारणों से है :-

(I) भारत संघ से त्रिपुरा को अलग करने की नीति के समर्थन को जारी रखना ।

(II) भारत की संप्रभुता एवं अखण्डता के लिए अहितकर गतिविधियों में सतत रूप से भाग लेना ।

(III) अपने उद्देश्य को प्राप्त करने के साधनों के रूप में सशस्त्र कार्रवाई के माध्यम से हिंसा एवं आतंकवाद को अपनाना ।

(IV) व्यवसायियों, व्यापारियों तथा सरकारी कर्मचारियों सहित जनता से बड़ी मात्रा में जबरन धन वसूली तथा अवैध कर वसूली ।

(V) पूर्वोत्तर के अन्य विद्रोही संगठनों के साथ संपर्क तथा उनका समर्थन । जबकि एन0एल0एफ0टी0 ने [एन0एस0सी0एन0 (आई0/एम0)] के इसाक मुइवा गुट के साथ संपर्क बना लिए हैं ।

(VI) पड़ोसी बंगलादेश में शरणस्थलों, सुरक्षित आश्रयों एवं प्रशिक्षण शिविरों का निरन्तर रखरखाव ।

(VII) गुप्त तरीकों से अथवा विभिन्न सुरक्षा बलों से छीनकर भारी मात्रा में परिष्कृत शस्त्र एवं गोलाबारूद जुटाना ।

(VIII) त्रिपुरा को भारत संघ से अलग करने के अपने अंतिम उद्देश्य के लिए समर्थन जुटाने हेतु विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक अपनी पहुंच बनाने तथा उनका उपयोग करने के इरादे से बिना प्रतिनिधित्व वाले राष्ट्रों तथा जन संगठनों की सदस्यता प्राप्त करने के प्रयास ।

इस सार में तत्काल अधिसूचना की आवश्यकता के कारणों का भी उल्लेख किया गया है । यह बताया गया है कि यदि पूर्व अधिसूचना के व्यपगत होने तथा नई अधिसूचना जारी होने के बीच कोई अंतराल हुआ तो यह संगम इस स्थिति का अनुचित लाभ उठा सकता है तथा अलगाववादी, विध्वंसक एवं 'आतंकवादी/हिंसक गतिविधियों में वृद्धि करने के लिए अपने काडरों को सक्रिय बना सकते हैं । इससे इस संगठन के नेतृत्व को

भारत की सुरक्षा के लिए अहितकर विदेशी शक्तियों के साथ मिलकर खुले रूप से राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का प्रचार करने का भी मौका मिल सकता है । ऐसी स्थिति में पुलिस तथा सुरक्षा बलों द्वारा पकड़े गए व्यक्तियों को बंद करना तथा उन पर अभियोग चलाना उनके लिए कठिन होगा । अतः इस अधिसूचना को सरकारी राजपत्र में इसके प्रकाशन की तारीख से प्रभावी बनाना आवश्यक समझा गया ।

विद्वान अपर सचिव श्री पी0डी0 शिनॉय की सुनवाई से संतुष्ट होने तथा इस सार एवं प्रस्तुत की गई अन्य सामग्री का अवलोकन करने के तत्काल बाद दिनांक 12.11.1999 के आदेश के तहत प्रतिबंधित संगम एन0एल0एफ0टी0 के लिए अधिनियम तथा उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के तहत निर्धारित तरीके से नोटिस जारी किया गया । इसके अतिरिक्त इस नोटिस की सूचना जिलों एवं तहसीलों के मुख्यालयों में प्रत्येक जिला मजिस्ट्रेट तथा तहसीलदार के कार्यालय में इसे चिपका कर भी दी जानी थी । इस नोटिस की सूचना को प्रकाशन के द्वारा, चिपका कर, तथा रेडियो पर प्रसारण द्वारा देने का भी निदेश दिया गया था । नोटिस में यह भी व्यवस्था की गई कि पक्षकार, अधिकरण के रजिस्ट्रार को इलाहाबाद में उसके पते पर अपने लिखित विवरणों/आपत्तियों, उनके समर्थन में किसी सामग्री, यदि कोई हो, सहित पंजीकृत डाक से भेज सकते हैं ।

अधिकरण ने 7.1.2000 को इलाहाबाद में अपनी बैठक की । इस तारीख को शपथ पत्र दायर किया गया जिसमें यह उल्लेख किया गया कि दिनांक 12.11.99 के आदेश के अनुसरण में नोटिसों को अपेक्षानुसार व्यापक तौर पर प्रकाशित किया गया था । पक्षकारों के वकील को सुनने के बाद तथा शपथ पत्र तथा उसके साथ जुड़ी सामग्री का अवलोकन करने के बाद यह नोटिस भेजना पर्याप्त पाया गया । तत्पश्चात, पक्षकारों को तीन सप्ताह के भीतर अपने तर्कों के समर्थन में अपने शपथ-पत्र तथा अन्य सामग्री प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया ।

तत्पश्चात् अधिकरण ने 4.2.2000 को इलाहाबाद में अपनी बैठक की । त्रिपुरा सरकार के विद्वान वकील श्री मधुर प्रकाश ने श्री बरुण कुमार साहू का शपथ-पत्र दायर किया । भारत संघ की तरफ से विद्वान वकील श्री एस0सी0 मिश्रा ने अजय श्रीवास्तव, उप सचिव (पूर्वोत्तर) भारत सरकार का शपथ पत्र दायर किया। तत्पश्चात अधिकरण ने इस मामले को त्रिपुरा राज्य में अगरतला में 6.3.2000 को अपराह्न 10.30 बजे सुनवाई एवं साक्ष्य रिकार्ड करने के लिए निर्धारित कर दिया । सुनवाई की तारीख की सूचना नियमानुसार समाचार पत्र, चिपकाकर तथा रेडियो पर प्रसारण द्वारा दी जानी थी ।

दिनांक 6.3.2000 को अधिकरण ने अगरतला में सुनवाई की । त्रिपुरा सरकार के गृह विभाग में अवर सचिव श्री बी0सी0 भौमिक ने इस आशय का शपथपत्र दिया कि अधिकरण के 4.2.2000 के आदेश के अनुसरण में चार स्थानीय समाचार पत्रों में सुनवाई की तारीख प्रकाशित की गई थी, शपथ-पत्र के साथ समाचार पत्रों की फोटोप्रतियां प्रस्तुत की गईं । शपथपत्र में यह भी उल्लेख किया गया था कि जिला मजिस्ट्रेट ने इस बात का व्यापक प्रचार किया था कि अगरतला में 6.3.2000 को सुबह 10.30 बजे अधिकरण द्वारा सुनवाई की जाएगी।

6.3.2000 को सुबह 10.30 बजे अधिकरण की कार्यवाही शुरू हुई । त्रिपुरा राज्य की ओर से श्री मधुर प्रकाश अधिवक्ता के रूप में पेश हुए और भारत संघ की ओर से श्री एस0सी0 मिश्रा पेश हुए । प्रतिबंधित संगठन एन0एल0एफ0टी0 की ओर से कोई व्यक्ति पेश नहीं हुआ । कुल सात गवाहों से पूछताछ की गई । शेष गवाहों को छोड़ दिया गया गवाहों ने शपथपूर्वक जो बयान दिए, वे निम्नवत हैं:-

(i) अभियोग गवाह-1, श्यामसुंदर चतुर्वेदी विशेष शाखा, त्रिपुरा में पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात हैं । उन्होंने शपथपूर्वक कहा है कि वे अपने रोजमर्रा के कार्यों में एन0एल0एफ0टी0 की गतिविधियों के बारे में आसूचना एकत्र करते थे । उन्होंने किसी शिकानिया कोलोई से भी पूछताछ की जो एन0एल0एफ0टी0 का दुर्दान्त आतंकवादी है और जिसे 1999 में मिजोरम पुलिस ने पकड़ा था । पूछताछ के दौरान उसने अन्य उग्रवादियों के नाम तथा एन0एल0एफ0टी0 के संगठनात्मक ढांचे तथा एन0एल0एफ0टी0 द्वारा की गई बड़ी वारदातों के बारे में बताया । उनका ध्येय भारत से त्रिपुरा को पृथक करना है । पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि एन0एल0एफ0टी0 के पूर्वोत्तर राज्यों के दूसरे उग्रवादियों, पाकिस्तान की आई0एस0आई0 और बंगलादेश आर्मी के साथ भी संबंध हैं । पूछताछ के दौरान दस्तावेजों अर्थात् एन0एल0एफ0टी0 का संविधान घोषणा पत्र और चन्दा वसूली संबंधी नोटिसों को जब्त कर लिया गया । उन्होंने बताया है कि अक्तूबर, 1999 से पूर्व एन0एल0एफ0टी0 ने सुरक्षा बलों पर छिप कर हमला करने, नागरिकों की हत्या और अपहरण करने जैसे कार्य किए हैं । चंदे का संग्रह करने का काम अभी भी जारी है । विशालगढ़ सैंट्रीग्रेड (विशालगढ़ का मोटर सिंडीकेट) को भेजा गया चन्दा वसूली संबंधी नोटिस रिकार्ड में है जिसमें विभिन्न प्रकार के वाहन मालिकों से विभिन्न दरों पर चंदे का भुगतान करने के लिए कहा गया था ।

(ii) अभियोग गवाह-2, मनोज कुमार जनवरी, 1999 से पश्चिमी त्रिपुरा में जिला मजिस्ट्रेट है । उनका कहना है कि उनकी तैनाती के दौरान एन0एल0एफ0टी0 द्वारा की गई अनेक वारदातें उनके सामने आईं और उन्होंने इस उग्रवादी संगठन के विभिन्न कार्यकलापों के बारे में सूचना एकत्र की, उनका कहना है कि एन0एल0एफ0टी0 पृथकवादी एवं विध्वंसक कार्यकलापों में संलिप्त है । यह राष्ट्र की संप्रभुता की मात्रा पर भी प्रश्न उठा रहा है । यह पृथकतावादी विचारधारा रखता है जो इसके संविधान में निहित इसके ध्येयों और उद्देश्यों तथा घोषणा पत्र एवं अन्य दस्तावेजों से स्पष्ट है । यह भारत के संविधान और विधिसम्मत सरकार को मान्यता नहीं देता है । इसका पृथक संविधान और समान्तर प्रशासनिक ढांचा है । यह स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय त्यौहारों का बहिष्कार करता है । इसने संसदीय चुनावों में भी व्यवधान डालने का प्रयास किया । 20 अगस्त, 1999 को जामपाउइजाला के खंड विकास अधिकारी पर इसलिए हमला किया गया क्योंकि उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया था । गवाह ने यह भी बताया कि 28 जनवरी, 2000 को एन0एल0एफ0टी0 के लोगों ने सर्किल इंस्पेक्टर पर हमला किया था । 24 दिसम्बर, 1999 को उन्होंने लक्ष्मणदेफा नामक स्थान पर अंधाधुंध गोलियां चलाकर तीन व्यक्तियों को मार गिराया, पांच को घायल किया और पांच का अपहरण किया । तत्पश्चात, जनजातीय

लोगों के कई घरों को प्रतिक्रियास्वरूप तहस-नहस किया गया । अभी भी सांप्रदायिक तनाव के कारण उस क्षेत्र में 60 से अधिक परिवार नहीं रह रहे हैं । विगत पांच वर्षों में उग्रवादी गुटों, जो एक पृथक होमलैण्ड बनाना चाहते हैं, के कार्यकलापों के कारण लगभग 6000 परिवारों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर किया गया है । उनके कार्यकलापों के तौर-तरीकों से पता चला है कि वे सुरक्षा बलों पर हमला करने, शस्त्र और गोला-बारूद लूटने के कार्य करते रहे हैं तथा महिलाओं और बच्चों समेत नागरिकों को अपनी मूर्खतापूर्ण हिंसा का शिकार बनाने में संलिप्त रहे हैं । उन्होंने जबरदस्ती चंदा वसूल करके धन इकट्ठा किया और उस धन को अत्याधुनिक शस्त्र और गोला बारूद खरीदने में इस्तेमाल किया ।

(iii) अभियोग गवाह 3, श्री पुनीत रस्तोगी, अपर पुलिस अधीक्षक (शहरी), पश्चिमी त्रिपुरा ने बताया कि वे दिनांक 22.4.99 से पश्चिमी त्रिपुरा जिले में अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं । यहां 15 पुलिस थाने हैं जिनमें से सात पुलिस थानों के क्षेत्राधिकार में आने वाले क्षेत्रों को सशस्त्र बल विशेष शक्ति अधिनियम के तहत अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है, जिनमें से पांच पुलिस थानों में एन0एल0एफ0टी0 उग्रवादियों की भारी आवा-जाही देखी जा सकती है । वर्ष 1998 के दौरान, एन0एल0एफ0टी0 द्वारा 64 उग्रवादी वारदातें की गई जिनमें से 20 वारदातें हत्या की और 31 अपहरण की थी । 1999 में भी इस आतंकवादी संगठन ने 77 आपराधिक वारदातें की जिसमें से 20 हत्या की और 44 अपहरण की वारदातें थी । गवाह ने यह भी बताया है कि 2.2.1999 को 15/20 सशस्त्र एन0एल0एफ0टी0 उग्रवादियों ने कंचनमाला मार्किट पर धावा बोला और चार व्यक्तियों को मार दिया और तीन व्यक्तियों को घायल कर दिया । 17.4.99 को एन0एल0एफ0टी0 ने तेलियामूरा पुलिस थाने के अंतर्गत सतीश पारा पर धावा बोला और दो आदिवासियों की हत्या कर दी और अन्य दो को घायल कर दिया । 3.6.1999 को एन0एल0एफ0टी0 उग्रवादियों ने तकारजला पुलिस थाने के अंतर्गत उदयजमादार पारा से पांच व्यक्तियों का अपहरण कर लिया । 11.8.99 को एन0एल0एफ0टी0 उग्रवादियों ने एक डी0ए0आर0 कांस्टेबल की हत्या कर दी । इन वारदातों से देखा जा सकता है कि उनका निशाना केवल नागरिक ही नहीं बल्कि पुलिस कार्मिक भी हैं । उनका लक्ष्य त्रिपुरा को भारत से अलग करना है । इसे प्राप्त करने के लिए वे नवीनतम हथियार प्राप्त करके नागरिकों और सुरक्षा बलों की हत्या कर रहे हैं । वे अपहृत व्यक्तियों के लिए फिरौती मांगकर धन इकट्ठा कर रहे हैं और आम जनता से भी अंशदान ले रहे हैं । इस प्रकार प्राप्त राशि से हथियार प्राप्त किए जाते हैं । उपर्युक्त गतिविधियों के अलावा वे एन0एल0एफ0टी0 के नेतृत्व में त्रिपुरा सरकार के नाम पर नोटिस जारी करके अशंदान इकट्ठा कर रहे हैं । वे समानांतर सरकार चलाने का प्रयास कर रहे हैं।

(iv) अभियोग गवाह-4 मणिक लाल मजूमदार को त्रिपुरा, अगरतला में अपर पुलिस अधीक्षक (सी0आई0डी0) तैनात किया गया है । सी0आई0डी0 अधिकारी के अधिकार से उन्होंने पुलिस थाना पूर्वी अगरतला में पंजीकृत मामला सं0 37/1998 की जांच-पड़ताल की । जांच पड़ताल के दौरान उन्होंने सबूत इकट्ठे किए जैसे कि एन0एल0एफ0टी0 का संविधान, एन0एल0एफ0टी0

द्वारा जारी किए गए एक्सटोर्शन नोटिस, एन0एल0एफ0टी0 की धनराशि प्राप्त करने की रसीदें इत्यादि । इस गवाह ने यह भी बताया है कि सबूत और जांच रिपोर्ट तथा पारिस्थितिक सबूत से यह पता चलता है कि एन0एल0एफ0टी0 संगठन त्रिपुरा को भारतीय संघ से अलग करने का प्रयास कर रहा है और वे भारत की प्रभुसत्ता और एकता को चुनौती दे रहे हैं । उन्होंने बंगलादेश में 9 माइल लालू कालू आदि में शिविर स्थापित किए हैं और बंगलादेश की सेना तथा पूर्वोत्तर के अन्य उग्रवादी संगठनों से समर्थन प्राप्त कर रहे हैं ।

(v) अभियोग गवाह-5, बी0के0 नाग (विजय कुमार नाग) को तेलियामूरा/खोबई, पश्चिम त्रिपुरा में उप पुलिस अधीक्षक के रूप में तैनात किया गया है । उसके नियंत्रण में दो पुलिस थाने हैं जिनमें से तेलियामूरा और कल्याणपुर नामक दो पुलिस थाने एन0एल0एफ0टी0 उग्रवादियों से प्रभावित है। 1999 में, कुल 46 उग्रवादी वारदातें हुई जिसमें से 17 हत्या के मामले थे, 19 अपहरण के तथा 10 सुरक्षा बलों पर हमले के मामले थे । 1.3.99 को यह सूचना मिलने पर कि एन0एल0एफ0टी0 ग्रुप पंचबती में सक्रिय है, असम राईफल्स के ट्रूप वहां गए । खोजबीन करने के बाद जब वे अपने शिविर की ओर लौट रहे थे तो एन0एल0एफ0टी0 ने उन पर हमला कर दिया जिसके फलस्वरूप एक जवान की मृत्यु हो गई । 17.4.99 को एन0एल0एफ0टी0 ग्रुप ने एक आदिवासी गांव साउथ गाकुलनगर पर हमला कर दिया और तीन आदिवासी व्यक्तियों को इस आधार पर मार दिया क्योंकि उन्होंने अंशदान देने से मना कर दिया था । 2 अक्तूबर, 1999 को अंतिम संसदीय चुनावों के संबंध में दुर्गाधिन बाड़ी एस0बी0 स्कूल में तैनात त्रिपुरा स्टेट राइफल सेक्शन पर एन0एल0एफ0टी0 ने हमला कर दिया जिसमें एक टी0एस0आर0 जवान सहित चार व्यक्ति मारे गए । गवाह ने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान उसने जायजा लिया और देखा कि एन0एल0एफ0टी0 ग्रुप समानांतर सरकार को जारी रखने का प्रयास कर रहा है और इस कारण वे विघटनकारी कार्यकलाप कर रहे हैं ।

(vi) अभियोग गवाह-6 - श्री दुर्गेश मजूमदार को पुलिस निरीक्षक (सी0आई0डी0), अगरतला तैनात किया गया है । इस गवाह ने अपने बयान में अनेक वारदातों के बारे में बताया है जिनमें 31.3.1998 को त्रिपुरा के स्वास्थ्य मंत्री बिमल सिन्हा और उनके भाई की हत्या करना भी शामिल है । इस मामले की जांच पड़ताल इस गवाह द्वारा की गई थी । जांच पड़ताल के दौरान उसे पता लगा कि इसके पीछे एन0एल0एफ0टी0 का गहरा और सनियोजित षड़यंत्र था जो विधिपूर्वक स्थापित सरकार को उखाड़ फेंकना चाहता है । मिजोरम पुलिस ने एक चिकानिया कालाई उर्फ एस0के0 अबेल तथा एक बंगलादेशी राष्ट्रिक लाल जाजोबा को गिरफ्तार किया है जब वे आईजोल में हथियार और गोला-बारूद खरीदने गए थे । उनके कब्जे से तीन नवीनतम हथियार बरामद किए गए । जांच पड़ताल के दौरान चिकानिया कालाई उर्फ एस0के0 अबेल ने बताया कि उनका बंगलादेश में लालू कालू में एक शिविर है । एन0एल0एफ0टी0 की गतिविधियों में आम जनता को आतंकित करके त्रिपुरा को भारतीय भू-भाग से अलग करना था ।

(vii) अभियोग गवाह-7 - श्री राजेन्द्र दत्ता को त्रिपुरा के जिरानिया पुलिस स्टेशन, में बतौर पुलिस सब-इंस्पेक्टर नियुक्त किया गया है । उन्होंने बताया है कि वे 26.5.1999 से प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं । पूरा क्षेत्र जो इस पुलिस थाने की अधिकारिता में है, अशांत क्षेत्र घोषित किया गया है । उनकी कार्य अवधि के दौरान एन0एल0एफ0टी0 उग्रवादियों ने हत्या और अपहरण जैसे जघन्य अपराध किए । 7.11.99 को जब जनजातीय और गैर जनजातीय दोनों समाजों के लोग दीवाली के त्यौहार का आनन्द उठा रहे थे तब एन0एल0एफ0टी0 उग्रवादियों ने जिरानिया मार्केट के समीपस्थ वैद्यठाकुरपारा से 3 जनजातीय लोगों को अपहृत कर लिया जिसके परिणामस्वरूप भयंकर सांप्रदायिक तनाव का माहौल बन गया । एक अन्य घटना में एन0एल0एफ0टी0 उग्रवादियों ने बलरामठाकुरपारा में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दिनांक 25.1.2000 को दो जनजातीय लोगों को मार गिराया । एन0एल0एफ0टी0 उग्रवादियों ने गांव वालों को चंदा वसूली के नोटिस भेजे और वे चंदे का संग्रह कर रहे थे । एन0एल0एफ0टी0 का ध्येय एवं उद्देश्य विधिविरूद्ध कार्यकलापों के जरिए भारतीय भू-भाग से त्रिपुरा को पृथक करना है।

उपरोक्त सातों गवाहों के बयानों के अवलोकन से और प्रस्तुत हलफनामों के अवलोकन से तथा एन0एल0एफ0टी0 के संविधान एवं चंदा वसूली के नोटिसों तथा अन्य दस्तावेजों के अवलोकन से ऐसा लगता है कि एन0एल0एफ0टी0 का उद्देश्य बोरोकलैण्ड त्विप्रा को मुक्ति दिलाने के बाद त्विप्रा की बोरोक सभ्यता की स्वतंत्र पहचान बनाना है । रिकार्ड में उपलब्ध सामग्री, विशेषकर एन0एल0एफ0टी0 के संविधान से स्पष्ट है कि एन0एल0एफ0टी0 के मुखिया बिश्वा मोहन देबेरमा हैं । इसकी सक्रियता के क्षेत्रों में पश्चिमी त्रिपुरा, धलाई, उत्तरी और दक्षिणी त्रिपुरा जिले शामिल हैं । उनके पास अत्याधुनिक आग्नेयास्त्र हैं जो उन्होंने अवैध स्त्रोतों से प्राप्त किए हैं । रिकार्ड में उपलब्ध सामग्री से यह भी सिद्ध हो गया है कि एन0एल0एफ0टी0 अपने सदस्यों को अलगाववादी, विध्वंसकारी और हिंसक कार्यकलापों के लिए लामबंद कर रहा है । वे भारत की संप्रभुत्ता और राष्ट्रीय अखंडता को हानि पहुंचाने वाली ताकतों के साथ मिलकर राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों को बढ़ावा देने में भी संलिप्त हैं । यह संगठन नागरिकों की हत्याओं, लूटपाट और जबरदस्ती छीना-झपटी करने तथा अन्य आपराधिक कार्यों में संलिप्त है और इस प्रकार यह कानून विहीनता का माहौल बनाने के लिए प्रयासरत है ।

अधिनियम की धारा 2(ङ) और 2(च) में 'गैर कानूनी गतिविधि' और 'गैर कानूनी संस्था' की परिभाषा निम्न प्रकार की गई है:-

'(I) किसी व्यक्ति अथवा संस्था के संबंध में 'गैर कानूनी गतिविधि' का तात्पर्य किसी व्यक्ति अथवा संगम द्वारा की गई ऐसी किसी कार्रवाई (कोई कार्य करके या शब्दों द्वारा, बोलकर या लिखकर, अथवा संकेत द्वारा या प्रत्यक्ष कथन द्वारा या अन्यथा हो सकता है) से है:-

(i) जिसका उद्देश्य भारत के क्षेत्र के किसी भाग को या संघ से भारत को किसी भी आधार पर पृथक करने के दावे का समर्थन करता है या जो किसी व्यक्ति या व्यक्ति समूह को ऐसे पृथकतावाद या उसे अलग करने के लिए उकसाता है ।

(ii) जो भारत की संघ संप्रभुता और क्षेत्रीय अखण्डता को अस्वीकार करता है उसके बारे में प्रश्न उठाता है, उसे भंग करता है या भंग करने का इरादा रखता है ।

(च) 'गैर कानूनी संगम' का तात्पर्य किसी ऐसी संस्था से है -

(i) जो अपने उद्देश्य के लिए किसी गैर कानूनी गतिविधि में भाग लेता है या जो किसी गैर कानूनी गतिविधि को करने के लिए व्यक्तियों को उकसाता या सहायता प्रदान करता है या जिसके सदस्य ऐसी गतिविधि में भाग लेते हैं ।'

राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार के वकील द्वारा दिए गए तर्कों और रिकार्ड किए गए साक्ष्य से यह सिद्ध होता है कि एन0एल0एफ0टी0 अलगाववादी और हिंसक गतिविधियों में संलिप्त हैं और उक्त संस्था ने अन्य गैर कानूनी संस्थाओं के साथ संपर्क स्थापित कर लिए हैं । यह पुनः सिद्ध किया जाता है कि एन0एल0एफ0टी0 आम जनता और पुलिस बलों से संबद्ध कार्मिकों की हत्या करने, त्रिपुरा में जनता और व्यापारियों से धन ऐंठने जैसे कृत्यों का आश्रय ले रही है ताकि गैर कानूनी चैनलों के जरिए शस्त्र व गोला-बारूद प्राप्त करके उन्हें गुप्त रूप से पड़ौसी देश की मार्फत त्रिपुरा भेजा जा सके । उपरोक्त एन0एल0एफ0टी0 का उद्देश्य भारत का विभाजन करके एन0एल0एफ0टी0 नामक स्वायत्त राज्य की स्थापना करना है ।

रिकार्ड पर प्राप्त सामग्री से यह सिद्ध होता है कि यदि एन0एल0एफ0टी0 को उसकी गतिविधियां जारी रखने दी जाती हैं तो वह संस्था विद्रोही और गैर कानूनी गतिविधियों को प्रोत्साहित करेगा । प्रस्तुत किए गए साक्ष्य का किसी अन्य सामग्री द्वारा खण्डन नहीं किया गया है और इस बात की दृढ़तापूर्वक पुष्टि की गई है कि एन0एल0एफ0टी0 अनेक हिंसक गतिविधियों में संलिप्त है । वे भारत की एकता और अखण्डता को क्षति पहुंचाना चाहते हैं और यदि उन्हें ऐसा करने से नहीं रोका जाता है तो गैर कानूनी गतिविधियों में वृद्धि होगी । एन0एल0एफ0टी0 अलगाववाद का समर्थन कर रहा है और अलगाववादी नीतियों को अपना रहा है जो कि गैर कानूनी गतिविधियां हैं जैसी कि अधिनियम की धारा 2(च) के अंतर्गत परिभाषा की गई है ।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, मैं इस बात से संतुष्ट हूं कि नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एन0एल0एफ0टी0) को गैर कानूनी संस्था घोषित करने के पर्याप्त कारण हैं । इसके फलस्वरूप गैर कानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 3 की उप-धारा (1) के अंतर्गत केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 3 अक्तूबर, 1999 की अधिसूचना के तहत की गई घोषणा की एतद्द्वारा पुष्टि की जाती है ।

दिनांक 25 मार्च, 2000
इलाहाबाद

ह०/-
(आर० आर० के० त्रिवेदी)
अधिकरण
गैर कानूनी गतिविधियां (निवारण)
अधिकरण
इलाहाबाद
[सं० 9/14/99-एन. ई. I]
जी० के० पिल्लै, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 19th April, 2000

S.O. 394(E).—The following is published for general information :—

UNLAWFUL ACTIVITIES (PREVENTION) TRIBUNAL
HEADED BY HON'BLE MR. JUSTICE R.R.K TRIVEDI

IN THE MATTER OF
NATIONAL LIBERATION FRONT OF TRIPURA (NLFT)
REPORT OF THE TRIBUNAL

REPORT

By a notification of Ministry of Home Affairs published at New Delhi on 3-10-1999 in the Gazette of India (Extraordinary) Central Government in exercise of its power conferred by sub-section (1) of Section 3 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (Act No. 37/67) (hereinafter referred to as the Act) declared, National Liberation Front of Tripura (hereinafter referred to as NLFT) as unlawful association. The said notification reads as under :—

"MINISTRY OF HOME AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 3rd October, 1999

S.O. 1003(E).—Whereas the National Liberation Front of Tripura (hereinafter referred to as NLFT) has its professed aim to establish an independent "Borokland Twipra" by liberation of Tripura from India through armed struggle in alliance with other armed secessionist organisations of Tripura and incite indigenous people of Tripura, for secession and thereby the secession of Tripura from India;

And whereas the Central Government is of the opinion that NLFT has—

(i) been engaging in subversive and violent activities, thereby undermining the authority of the Government and spreading terror and violence among the people for achieving its objective;

(ii) established linkages with other unlawful associations, viz., the Isak Swu faction of National Socialist Council of Nagaland [NSCN(I/M)] with the aim of mobilising their support;

(iii) in pursuance of its aim and objective in the recent past, engaged in several violent and unlawful activities which are prejudicial to the sovereignty and integrity of India;

And whereas the Central Government is also of the opinion that violent and unlawful activities include—

(a) killing of civilians and personnel belonging to the Police and Security Forces;

(b) extortion of funds from the public including business and traders in Tripura;

(c) procuring large number of arms and ammunition, including sophisticated ones, through clandestine/illegal channels and inducting them secretly into Tripura through a neighbouring country;

(d) establishing and maintaining camps in a neighbouring country for the purpose of safe sanctuary, training, procurement of arms and ammunition, etc.,

(e) establishing and maintaining linkages with other Tripura tribal extremist groups for causing and fomenting communal clashes between the tribal and non-tribal communities in Tripura;

And whereas the Central Government is of the opinion that the aforesaid activities of the NLFT are detrimental to the sovereignty and integrity of India and that it is an unlawful association;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 3 of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967), the Central Government hereby declares the National Liberation of Tripura (NLFT) as an unlawful association;

And whereas the Central Government is also of the opinion that if there is no immediate curb and control, the NLFT will take the opportunity to—

(i) mobile its cadres for escalating its secessionist, subversive and terrorist/violent activiies;

(ii) propagate anti-national activities in collusion with forces inimical to India's sovereignty and national integrity;

(iii) indulge in increased killings of civilians and targeting of Police and Security Forces personnel;

(iv) procure and induct more illegal arms and ammunition from across the international border;

(v) extort and collect huge funds from the public for its activities.

And whereas the Central Government, having regard to the above circumstances, is of the firm opinion that it is necessary to declare the NLFT as an unlawful association with immediate effect; and accordingly in exercise of the powers conferred by the proviso to sub-section (3) of the said section 3, the Central Government hereby directs that the notification shall, subject to any order that may be made under Section 4 of the said Act, have effect from the date of its publication in the Official Gazette.

[F. No. 9/14/99-NE-I]

G.K. PILLAI, Jt. Secy."

Following the aforesaid notification, Government of India issued a notification dated 28-10-1999 under sub-section (1) of Section 5 of the Act constituting this tribunal for the purposes of adjudicating whether or not there is sufficient cause for declaring NLFT unlawful association declared as such by the notification of Government of India in Ministry of Home Affairs dated 3-10-1999. The said notification dated 28-10-1999 issued under Section 5(1) of the Act reads as under :—

"MINISTRY OF HOME AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 28th October, 1999

S.O. 1056 (E).—In exercise of the powers conferred by sub-section (5) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (37 of 1967), the Central Government hereby constitutes "The Unlawful Activities (Prevention) Tribunal" consisting of Shri Justice R.R.K. Trivedi, Judge of Allahabad High Court, for the purpose of adjudicating whether or not there is sufficient cause for declaring the All Tripura Tiger Force and National Liberation Front of Tripura, and unlawful associations.

[F. No. 9/14/99-NE-I]

G.K. PILLAI, Jt. Secy."

With the constitution of this tribunal a resume on the aims, objectives and activities of NLFT has also been filed before this tribunal which gives brief history and the origin of the insurgency in the State of Tripura. It is also stated that Tripura is facing low key insurgency for the last 18 years. Though around 20 armed tribal groups have been identified on ground, only two of them ATIF and NLFT are responsible for majority of killings and have some ideological mooring with main activities remaining confined to murders, lootings, extortion, abductions etc. for monetary gains. Broadly, the entire Tripura Tribal Autonomous District Council (TTADC) area, having dense jungles and pre-dominated by tribals, is effected by violence perpetrated by tribal extremists/miscreansts. The violence is mostly targeted against non-tribals. Areas falling out side TTADC, predominated by non-tribals (Bengalis), are much less affected.

Though the over all violence perpetrated by the aforesaid two extremist groups had shown a steady increase since 1993, it came down during 1996. The violence by these two terrorist outfits further went up significantly during 1997, though there was decrease in incidents of violence by other tribal militants. Even though the Government of Tripura has declared more areas to be disturbed areas, the level of violence by ATTF and NLFT remained quite high and became a matter of concern. ATTF and NLFT are the two main organised terrorist groups, with the former demanding a separate State of 'tribal land' and the latter still espousing liberation of Tripura. NLFT which was formed in 1989, is led by Biswa Mohan Debberma and has about 200 hard core armed cadres It is known to have areas of influence in whole of Dhalai District; Kalyanpur and Takarjala P.S. areas of West Tripura district Kanchanpur and Vaghman P.S. Areas of North Tripura district and Birganj, Taidu, Nutan Bazar, Shantir Bazar and Ompi P.S. Areas of South Tripura District. Areas covered by 19 police stations in Tripura declared as disturbed area in February, 1997 and more area subsequently, has not in any way affected the activities of NLFT. Rather, the outfit has been able to further

strengthen its hold in areas where it is active and emerged as the major terrorist group in Tripura.

NLFT has training camps/hide outs in Bangladesh and has been using Bangladesh territory for taking shelter after indulging in major incidents of violence. Most of these incidents have been planned in and executed from Bangladesh soil. They have acquired sizeable number of sophisticated weapons and are known to be maintaining close links with other North-East insurgent groups. Recent reports indicate a growing nexus between NLFT and National Socialist Council of Nagaland [NSCN (I/M)] in their operations in Tripura. This tribal outfit has shown little hesitation in attacking Police/Security Forces and innocent non-tribals with a view to forcing them to leave Tripura. Most of the victims of the terrorists are non-tribals, particularly Bengalis. This has caused wide schism between tribals and non-tribals in the State leading a volatile ethnic situation, which gives rise to ethnic clashes on slightest provocation.

The NLFT was first declared as Unlawful Association under the Act by a notification on 3-4-1997. However, this organisation continued its insurgent activities causing serious security concern in Tripura. The NLFT continued its effort to massive mobilization of funds by unlawful tax collections, extortion and even kidnapping/abduction for ransom. Procurement of arms has also been continued. The justification for fresh notification dated 3-10-1999, which is subject matter of adjudication of this tribunal is for the following reasons:—

(I) Continued espousal of the policy of secession of Tripura from the Indian Union.

(II) Continued engagement in activities prejudicial to the sovereignty and integrity of India.

(III) Continued adoption of violence and terror through armed action as means for achieving their objective.

